उत्तराखण्ड शासन

## कार्यालय, परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड
## कुल्हान सहत्रधारा रोड, देहरादून।

**विज्ञप्ति**

**23 सितम्बर, 2013 ई0**

संख्या 4448/एसटीए/दस–1/2013–उत्तराखण्ड शासन, परिवहन विभाग की अधिसूचना संख्या 619/ix/166/2005 दिनांक 17–01–2005 के अधीन प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा बैठक दिनांक 20–08–2013 के संकल्प संख्या 08 के अन्तर्गत यात्री किराया एवं माल भाड़े की दरों में वृद्धि से सम्बन्धित राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड की बैठक दिनांक 27–12–2012 के संकल्प संख्या 11 में लिये गये निर्णयानुसार पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या 1345/एसटीए/दस–1/2013 दिनांक 04–05–2013 (जो वर्तमान में लागू है), का अतिक्रमण करते हुए मंजिली गाड़ियों, ठेका गाड़ियों का यात्री किराया तथा माल वाहनों के भाड़े की दरों में संशोधन करते हुए निम्न प्रकार से दरें निर्धारित की जाती हैं:–

### 1– मंजिली गाड़ियों के लिए किराये की दरें

**एक– नगर निगम या नगर पालिका क्षेत्र के बाहर चलायी जाने वाली मंजिली गाड़ियों के सम्बन्ध में अधिकतम यात्री किराया की दरें:–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | साधारण सेवा | क– मैदानी मार्ग हेतु | 75 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| | | ख– पर्वतीय मार्ग हेतु | 95 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| (2) | रिजर्व पार्टी परमिट | क– मैदानी मार्ग हेतु | 85 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| | | ख– पर्वतीय मार्ग हेतु | 120 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| (3) | एक्सप्रेस सेवा | — | उपरोक्त दर का 1.10 गुणा |
| (4) | सेमीडीलक्स सेवा | — | उपरोक्त दर का 1.25 गुणा |
| (5) | डीलक्स सेवा | — | उपरोक्त दर का 1.70 गुणा |
| (6) | वातानुकूलित सेवा | — | उपरोक्त दर का 1.90 गुणा |

**दो– केवल नगर निगम या नगर पालिका की क्षेत्रीय सीमा के भीतर 25 कि.मी. से अनधिक यात्रा की दूरी तक चलायी जाने वाली साधारण मंजिली गाड़ियों के सम्बन्ध में अधिकतम यात्री किराया की दरें:–**

| क्र0सं0 | मार्ग की दूरी | यात्री किराया (प्रति यात्री रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम 4 कि.मी. तक | 5.00 |
| 2 | 4 से अधिक किन्तु 7 कि.मी. तक | 8.00 |
| 3 | 7 से अधिक किन्तु 10 कि.मी. तक | 10.00 |
| 4 | 10 से अधिक किन्तु 13 कि.मी. तक | 13.00 |
| 5 | 13 से अधिक किन्तु 16 कि.मी. तक | 17.00 |
| 6 | 16 से अधिक किन्तु 19 कि.मी. तक | 18.00 |
| 7 | 19 कि.मी. से अधिक | 20.00 |

